( कायदा – 129 )

जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

2024/225

| किस्म मुकदमा | नंबर मुकदमा | तारीख दायर | तारीख फैसला | पेशी दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| III - 128<br>प्रार्थना पत्र | 188/24<br><br>166/24 | 23/05/24 | 20/6/24 | 6/6/24 |

अनवान

श्री गोपालपुरी उत्तम पुत्र भेरू गुसाई　　　　श्री मोहन पुत्र कजोड धाकड

निवासी बिजोलिया खुर्द　　　　निवासी बिजोलिया खुर्द

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी / अपीलान्ट　　　　अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी / रेस्पोडेंट

डिक्रीदार　　　　मदयून

श्री मथुरा लाल ~~[illegible]~~ मीणा　　　　श्री

# FORM NO. III

## फर्द अहकम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम बिजौलियां

गोपालपुरी बनाम मोहन

किस्म मुकदमा 111-128 नम्बर 166/2024

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 23/05/2024 | प्रार्थना पत्र सीगे से वाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हों। पत्रावली वास्ते तलबी/जवाब दिनांक 06/06/2024 को पेश हों।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां | |
| 6/6/24 | पत्रावली पेश हुइ। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान् P.O. सा. दौरे पर हैं। पत्रावली दिनांक 20/6/24 को वास्ते आदेश पेश हो।<br><br>उप खण्ड अधिकारी | |
| | तामील प्राप्त। | |
| 20/6/24 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक प्रार्थी उपस्थित। विपक्षीगण की बाद तामील प्राप्त हुई, जिसे शामिल पत्रावली किया गया। विपक्षीगण के विरुद्ध एक-पक्षीय आदेश पारित किए गए। पत्रावली में आदेश पारित किए गए एवं तहसीलदार बिजौलिया को पालनार्थ लिखा जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर, नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां जिला-भीलवाड़ा | |

## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

तारीख दायर 23/5/24

प्रकरण संख्या :– 166/24

गोपालपुरी दत्तक पुत्र श्री भैरु गुसाई उम्र वयस्क निवासी बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)

..........................प्रार्थी

**बनाम**

1. मोहन पुत्र श्री कजोड़ जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
2. कमलेश पुत्र श्री शम्भूलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
3. जगदीश पुत्र श्री छीतर जाति धाकड़ निवासी बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
4. श्रीमान् तहसीलदार साहब बिजौलियां

................विपक्षी

### प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

### –: आदेश :–

दिनांक 20/6/24

प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक **श्री मथुरालाल मीणा एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि **मौजा ग्राम बिजौलियां खुर्द पटवार हल्का बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 166 पर अंकित आराजी संख्या 1157ए 1159, 1161, 1162, 1163, 1164, 1708/1161, 849, 858,859, 860, 870, 872 कुल किता 14 रकबा 2.1530 हैक्टेयर भूमि** है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2075–2078 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **बिजौलियां खुर्द** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा ग्राम बिजौलियां खुर्द पटवार हल्का बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 166 पर अंकित आराजी संख्या 1157ए 1159, 1161, 1162, 1163, 1164, 1708/1161, 849, 858,859, 860, 870, 872 कुल किता 14 रकबा 2.1530 हैक्टेयर भूमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलिया जिला भीलवाड़ा

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

तारीख दायर 23/5/24

प्रकरण संख्या – 166/2024

प्रेषिति :–

तहसीलदार
बिजौलियाँ

विषय :–प्रकरण संख्या 166/ 2024 पत्थरगढ़ी बाबत्।

गोपालपुरी दत्तक पुत्र श्री भैरु गुसाई उम्र वयस्क निवासी बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)

......................प्रार्थी

**बनाम**

1. मोहन पुत्र श्री कजोड़ जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
2. कमलेश पुत्र श्री शम्भूलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
3. जगदीश पुत्र श्री छीतर जाति धाकड़ निवासी बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
4. श्रीमान् तहसीलदार साहब बिजौलियां

...............विपक्षी

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण मैं आदेश होकर लेख है जाकर **मौजा ग्राम बिजौलियां खुर्द पटवार हल्का बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 166 पर अंकित आराजी संख्या 1157ए 1159, 1161, 1162, 1163, 1164, 1708/1161, 849, 858,859, 860, 870, 872 कुल किता 14 रकबा 2.1530 हैक्टेयर भूमि की** बशामलात पडोसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षक बिजौलियां **खुर्द** को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमिश्नर फीस प्रार्थी वक्त पत्थरगढ़ी मौके पर अदा करेगा। पत्थरगढ़ी करने से पुर्व पड़ोसी एंव विपक्षीगणो को सुचित करे।

पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा